दिनांक 24 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम के समीप स्थित तालाब का पानी होगा साफ

भिलाईनगर/आयुक्त एस.के. सुंदरानी द्वारा जल कार्य से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न निर्देश दिए है! छावनी क्षेत्र में 24 घंटे पानी देने के लिए तथा टैंकर मुक्त शहर बनाने के लिए मिशन मोड में काम करने के निर्देश जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 संजय बागड़े को दिए गए हैं जिस पर जोन आयुक्त द्वारा कार्य किया जा रहा है! रामनगर मुक्तिधाम के समीप स्थित तालाब का पानी साफ करने के लिए एजेंसी क्लार कोरिया के सौरभ अग्रवाल ने बताया कि 2 लीटर गंदे पानी में एक एम.एल. एरोबिक बैक्टेरिया डालने से पानी एकदम साफ क्रिस्टल क्लियर जैसे हो जाता है , इस बैक्टीरिया की खासियत यह होती है कि यह गंदे पानी में होने वाली हानिकारक पदार्थों को नष्ट कर देता है और पानी शुद्ध एवं साफ दिखाई देने लगता है! कंपनी के संचालक ने बताया कि इस प्रक्रिया के उपयोग से गंदे पानी में उठने वाली बदबू दूर हो जाती है साथ ही इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता है! इसका प्रत्यक्ष प्रयोग करने हेतु आयुक्त के समक्ष दो पृथक पृथक जार में गंदे पानी को भर कर लाया गया जिसमें निर्धारित मात्रा में बैक्टेरिया डाला गया जिसके 10 से 12 घंटे पश्चात गंदा पानी बिल्कुल साफ नजर आने लगा यदि इसे तालाब में आजमाया जाए तो बैक्टेरिया डालने के बाद लगभग 40 से 60 दिनों के भीतर तालाब का पानी साफ नजर आने लगेगा! अब इसका उपयोग प्रायोगिक तौर पर बड़े पैमाने पर करने हेतु रामनगर मुक्तिधाम स्थित तालाब का चयन किया गया है!आयुक्त द्वारा विगत दिनों इस तालाब का निरीक्षण कर सफाई के निर्देश भी दिए जा चुके है!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''